भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.559**

जिसका उत्तर 28.11.2024 को दिया जाना है

**उपरिपुल का निर्माण**

559. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नवापुर तालुका में रेलवे क्रॉसिंग वाले धनोरा रोड और चिंचपाड़ा रोड पर तत्काल एक उपरिपुल का निर्माण करने की कोई योजना है;

(ख) अत्यंत जर्जर स्थिति वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 753बी और 752जी के निर्माण की स्थिति क्या है जिनके कारण नियमित रूप से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं;

(ग) क्या विगत एक वर्ष के दौरान मेरे निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई 100 से अधिक घातक दुर्घटनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों पर अभिघात केन्द्र स्थापित करने का कोई कार्य शुरू किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों के नियमों के विरुद्ध स्थापित किए गए शिरपुर और सोनगीर टोल प्लाजाओं को हटाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 53 महाराष्ट्र के नवापुर तालुका के किमी 641.500 से किमी 645.800 से होकर गुजरता है। किमी 641 में रेल उपरि पुल (आरओबी) के निर्माण का कार्य पुनर्संरेखण पर पूरा हो गया है और वर्तमान में पुराने पुनर्संरेखण पर मौजूदा लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके अलावा, किमी 642.200 और किमी 645.500 पर दो वाहन अंडरपास (वीयूपी) का कार्य पूरा हो चुका है तथा किमी 643.100 से किमी 643.700 के बीच वायाडक्ट और दो वीयूपी सहित बड़े पुल का कार्य कार्यान्वयनाधीन है।

(ख) रारा 753बी और रारा 752जी के निर्माण की स्थिति अनुबंध में दी गई है। इन राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जा रहा है।

(ग) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सरकारी अस्पतालों में ट्रॉमा केयर सुविधाओं के विकास के लिए क्षमता निर्माण हेतु सहायता योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रॉमा केयर केंद्रों को कार्यान्वित किया है। इसका उद्देश्य अवसंरचना, उपकरणों, जनशक्ति और क्षमता निर्माण के संदर्भ में ट्रॉमा केयर सुविधाओं को उन्नत करना है। इसका उद्देश्य केंद्रीय सहायता से ट्रॉमा देखभाल सुविधाओं को उन्नत करना है। इसका प्रारंभिक उद्देश्य प्रमुख राजधानी शहरों और पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण गलियारों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के स्वर्णिम चतुर्भुज गलियारे पर है। इस योजना को इस तरह से लागू करने के लिए डिज़ाइन किया गया था कि राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर प्रत्येक 100 किलोमीटर पर निर्दिष्ट ट्रॉमा केयर सुविधाएँ (टीसीएफ) उपलब्ध हों।

इस योजना के तहत देश भर में कुल 196 टीसीएफ स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें महाराष्ट्र राज्य में नीचे उल्लिखित स्थानों पर 6 टीसीएफ शामिल हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कोल्हापुर / राजश्री छत्रपतिशाह महाराज सरकारी मेडिकल कॉलेज और छत्रपति प्रमिलाग राजे अस्पताल, कोल्हापुर |
| 2 | जिला अस्पताल, सतारा |
| 3 | बी.जे. मेडिकल कॉलेज, पुणे |
| 4 | म्युनिसिपल अस्पताल, वाशी |
| 5 | उप जिला अस्पताल दानाऊ , ठाणे |
| 6 | उप जिला अस्पताल, हिंगणघाट , वर्धा |

(घ) शिरपुर और सोनगिर टोल प्लाजा का निर्माण निर्माण, प्रचालन और टोल (बीओटी) रियायत समझौते के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। वर्तमान में शिरपुर और सोनगिर टोल प्लाजा को हटाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

अनुबंध

**'उपरिपुल का निर्माण'** के संबंध में एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी द्वारा दिनांक 28 नवंबर,2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 559 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

| **क्र.सं.** | **राष्ट्रीय राजमार्ग सं.** | **खंड** | **चल रहा संरेखण कार्य** | **लंबाई (किमी में)** | **स्वीकृत लागत करोड़ रुपये में** | **वास्तविक प्रगति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 752जी | सावली विहिर खंड से कोपरगांव | 4 लेन | 8.66 | 195.38 | 46.05% |
| 2. | 752जी | कोपरगांव से मनमाड | 4 लेन | **राज्य सरकार की बीओटी परियोजना** | | |
| 3. | 752जी | मनमाड से चांदवाड़ | पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन | 24.05 | 168.45 | 92.58% |
| 4. | 752जी | मंगरुल ( चांदवाड़ ) से सतना खंड | 4 लेन | 37.14 | 428.8 | 43.47% |
| 5. | 752जी | सतना से पिम्पलनेर | पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन | 42.57 | 277.81 | 90% |
| 6. | 752जी | पिंपलनेर सकरी | पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन | 21.411 | 226.58 | बोली चरण के अंतर्गत |
| 7. | 752जी | विसारवाडी कोल्डे | **डीपीआर प्रगति पर** | | | |
| 8. | 752जी | कोल्डे गांव से खेतिया मप्र सीमा खंड | पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन | 48.62 | 509.18 | 94.81% |
| 9. | 753बी | शेवाली ( सकरी ) - नंदुरबार | पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन | 32.86 | 232.59 | 100% |
| 10. | 753बी | शेवालीफाटा से कलंभीर खंड और निजामपुर चाडवेल खंड | पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन | 16.32 | 181.57 | हाल ही में शुरू किया गया |
| 11। | 753बी | नंदुरबार से तलोदा | 4 लेन | 29.22 | 890.81 | बोली चरण के अंतर्गत |
| 12. | 753बी | तलोदा से गुजरात-महाराष्ट्र सीमा | 4 लेन | 38.4 | 927.88 | बोली चरण के अंतर्गत |

*****